प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी


www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 15 अंक : 09 | रविवार 28 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## पीएम मोदी की फोटो शेयर कर विवादों में घिरे दिग्विजय सिंह, तो सफाई में कहा- मैंने सिर्फ संगठन की तारीफ की..

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने पार्टी कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक से पहले शनिवार को भारतीय जनता





पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेक संघ (आरएसएस) की ''संगठन शक्ति'' की तारीफ कर अपने दल के लिए असहज स्थिति पैदा कर दी। हालांकि, उन्होंने बाद में सफाई देते हुए कहा कि वह आरएसएस तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के धुर विरोधी हैं, और उन्होंने सिर्फ संगठन की तारीफ की है। सूत्रों के अनुसार, दिग्विजय ने कार्य समिति की बैठक के दौरान भी पार्टी संगठन में विक्रेंद्रीकरण की पैरवी की। कार्य समिति की बैठक शुरू होने से पहले दिग्विजय सिंह ने 'एक्स' पर एक पुरानी तस्वीर साझा की जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे की तरफ नीचे बैठे हुए हैं तथा उनके पीछे भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने पोस्ट किया, ''कोरा वेबसाइट पर मुझे यह चित्र मिला। बहुत ही प्रभावशाली है। किस प्रकार आरएसएस का जमीनी स्वयंसेवक व जनसंघ भाजपा का कार्यकर्ता नेताओं के चरणों में फर्श पर बैठकर प्रदेश का मुख्यमंत्री व देश का प्रधानमंत्री बना। यह संगठन की शक्ति है। जय सियाराम।'' विवाद खड़ा होने पर दिग्विजय सिंह ने संवाददाताओं से कहा, ''मैंने संगठन की तारीफ की है। मैं आरएसएस और मोदी जी का घोर विरोधी था, घोर विरोधी हूं और रहूंगा।'' यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कार्य समिति की बैठक में विकेंद्रीकरण की पैरवी की है, सिंह ने कहा, ''मुझे जो कहना था, वो मैंने बैठक के दौरान कह दिया।''उन्होंने यह भी कहा, ''क्या संगठन को मजबूत करना या उसकी तारीफ करना, क्या बुरी बात है।'' मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''अगर आप मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के तौर पर मेरे कार्यकाल को देखेंगे तो पाएंगे कि मैंने विकेंद्रीकृत तरीके से काम किया। यह मेरा विचार है।''

## ममता बनर्जी ने भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले प्रवासी मजदूरों पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की,

### कहा- बंगाली बोलना कोई जुर्म नहीं

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के साथ हो रहे कथित अत्याचारों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाली बोलने वाले प्रवासी मजदूरों और उनके परिवारों पर हो रहे हमलों और परेशानियों की वह निंदा करती हैं। साथ ही, ममता सरकार दबे–कुचले, डरे–सहमे और परेशान बंगाली भाषी प्रवासी परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ष्हम भाजपा शासित हर राज्य में बंगाली बोलने वाले लोगों पर हुए क्रूर अत्याचार और परेशानी की कड़ी निंदा करते



हैं। हम दबे– कुचले, डरे–सहमे और परेशान बंगाली बोलने वाले प्रवासी परिवारों के साथ खड़े हैं, हम उन परिवारों को हर मुमकिन मदद देंगे। इंसान की जान की कोई कीमत नहीं होती, लेकिन अगर मौत होती है, तो हमने पैसे का मुआवजा देने का वादा किया है। ओडिशा में हुई हालिया घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में भाजपा शासित राज्य ओडिशा में जंगीपुर इलाके के कुछ प्रवासी मजदूरों पर कई तरह के अत्याचार हुए हैं। यह बहुत दुख की बात है कि 24 दिसंबर को जंगीपुर के सुती इलाके के एक युवा प्रवासी मजदूर की संबलपुर में पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। मुर्शिदाबाद में प्रवासी मजदूर डर के मारे ओडिशा से घर लौट रहे हैं। इस दिल दहला देने वाली घटना में, हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं, और मृतक के परिवार को हमारी तरफ से आर्थिक मदद भी उन तक पहुंचेगी।सीएम ममता ने एक्स पोस्ट में आगे लिखा, भाजपा शासित राज्यों में हुई इन सभी घटनाओं में हम दोषियों की निंदा करते हैं और पीड़ितों को हर मुमकिन मदद का वादा करते हैं। बंगाली बोलना कोई जुर्म नहीं हो सकता।ष मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने ज्वेल राणा की मौत के मामले में सुती पुलिस स्टेशन में पहले ही जीरो थ्प् दर्ज कर ली है और 6 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। मेरी राज्य पुलिस टीम जांच के लिए ओडिशा गई है।

## अमित शाह गुवाहाटी की सुरक्षा को मजबूत करने वाली परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे : हिमंत विश्व शर्मा

(एजेंसी) गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह



मंत्री अमित शाह शहर की सुरक्षा मजबूत करने के लिए गुवाहाटी पुलिस आयुक्तालय के नए भवन और एकीकृत कमान एवं नियंत्रण प्रणाली (आईसीसीएस) का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह सोमवार को राज्य के दौरे में सोमवार को इन परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। शर्मा ने कहा कि आईसीसीएस के तहत गुवाहाटी में 2,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जाएगी ताकि राज्य में सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्सश पर लिखा, ''गुवाहाटी की सुरक्षा को मजबूत करते हुए आदरणीय अमित शाह गुवाहाटी के नए पुलिस आयुक्तालय और एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का 29 दिसंबर को उद्घाटन करेंगे। यह केंद्र सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 2,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करेगा। शाह सोमवार को नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव की जन्मस्थली बटद्रवा थान भी जाएंगे, जहां वह आध्यात्मिक स्थल के पुनर्विकास संबंधी परियोजना का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने पूर्व में कहा था कि राज्य सरकार ने इस स्थान की पवित्रता और गरिमा बहाल करने के लिए सभी प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा था, ''अतिक्रमण से मुक्त बटद्रवा थान अब इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि हमारी विरासत की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प क्या कर सकता है। शाह गुवाहाटी में 5,000 सीट की क्षमता वाले सभागार 'ज्योति विष्णु सांस्कृतिक परिसर का भी उद्घाटन करेंगे।

### महोबा पुलिस को मिला बड़ी सफलता, मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

(एजेंसी) महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा के सदर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को तड़के पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी अपराधी को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने यहां बताया कि लम्बे समय से फरार चल रहे अपराधी वारिश उर्फ लुच्ची डान के सम्बन्ध में मुखबिर से मिली जानकारी पर पुलिस ओर एसओजी की टीम ने राठ रोड पर उसकी घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस के ललकारने पर अपराधी द्वारा अपने साथ लिए असलहे से फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब मेंपुलिस टीम द्वारा की गयी गोलीबारी में पैर में गोली लग जाने के कारण वारिश गिर गया. जिसके उपरान्त पुलिस द्वारा उसे दबोच लिया गया।

## बांग्लादेश में बढ़ता भारत विरोध, इमरान मसूद ने जताई चिंता, प्रभावी कदम उठाने की मांग

(एजेंसी) सहारनपुर। बांग्लादेश में लगातार बढ़ रहे भारत विरोधी प्रदर्शनों और हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाए जाने की घटनाओं पर भारतीय राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। सहारनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने पड़ोसी देश की मौजूदा स्थिति को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा है कि बांग्लादेश अब धीरे–धीरे भारत विरोध का अड्डा बनता जा रहा है और इस पर भारत सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए।इमरान मसूद ने कहा कि जिस तरह से बांग्लादेश में भारत के खिलाफ खुलेआम नारेबाजी हो रही है और वहां के कुछ कट्टरपंथी तत्व भारत विरोध को हवा दे रहे हैं, वह न केवल भारत–बांग्लादेश संबंधों के लिए खतरनाक है, बल्कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए भी गंभीर चुनौती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जाना बेहद खराब हरकत है और इसे किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्ता पलट होने के बाद से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। राजनीतिक अस्थिरता के बीच कट्टरपंथी और अराजक तत्वों को खुलकर सक्रिय होने का मौका मिला है। इसके चलते भारत विरोधी भावनाओं को उकसाया जा रहा है और इसका सीधा असर वहां रहने वाले हिंदू समुदाय पर देखने को मिल रहा है।हाल के दिनों में बांग्लादेश में कई स्थानों पर भारत विरोधी प्रदर्शन हुए हैं, जिनमें भारत के खिलाफ नारे लगाए गए और भारत की क्षेत्रीय अखंडता को लेकर भी आपत्तिजनक बयान दिए गए। कुछ दिन पहले एक छात्र नेता उस्मान हादी ने तथाकथित 'चिकन नेक' पर कब्जा कर पूर्वोत्तर भारत को देश से अलग करने जैसी भड़काऊ टिप्पणी की थी, जिसने भारत में भी कड़ी प्रतिक्रिया पैदा की थी।भारत विरोधी बयान देकर सुर्खियों में आए छात्र नेता उस्मान हादी की हाल ही में हुई मौत के बाद बांग्लादेश में हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। उसकी मौत के बाद कई इलाकों में भारत के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए। इन प्रदर्शनों में भारत को जिम्मेदार ठहराने की कोशिशें भी की गईं जिससे दोनों देशों के बीच संबंधों में और तल्खी आने की आशंका बढ़ गई है। इन प्रदर्शनों के दौरान कई जगहों पर हिंसा की खबरें भी सामने आई हैं। खासतौर पर हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं ने चिंता को और गहरा कर दिया है।

## बिहार चुनाव में हार के बाद पहली बार साथ आए सभी नेता

### बोले राहुल- प्रधानमंत्री कार्यालय ने मनरेगा खत्म करने का फैसला कैबिनेट से

(एजेंसी) नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मनरेगा खत्म करने का फैसला कैबिनेट





से बिना पूछे कियारू राहुल नयी दिल्ली, 27 दिसंबर (भाषा) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को खत्म करने का फैसला सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय ने किया और ऐसा करते समय कैबिनेट एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से विचार–विमर्श नहीं किया गया। गांधी ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं थी, बल्कि यह अधिकार आधारित परिकल्पना थी। योजना को खत्म करना इस परिकल्पना पर आक्रमण है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का कदम देश के संघीय ढांचे कर हमला और सत्ता एवं वित्तीय व्यवस्था का केंद्रीकरण है। राहुल गांधी ने कहा, मंत्री (शिवराज) और कैबिनेट से बिना पूछे यह निर्णय लिया गया है और सीधा प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा, 'वन मैन शो' चल रहा है, मोदी जो चाहते हैं वही करते हैं। संसद ने विपक्ष के हंगामे के बीच बीते 18 दिसंबर को 'विकसित भारत–जी राम जी विधेयक, 2025' को मंजूरी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की संतुति के बाद अब यह अधिनियम बन चुका है। यह 20 साल पुराने मनरेगा की जगह लेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी की कार्य समिति की बैठक में कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर करोड़ों गरीबों और कमजोर तबके के लोगों को बेसहारा कर दिया है, गरीबों के पेट पर लात मारने के साथ उनकी पीठ में मोदी सरकार ने छुरा घोंपा है। इसके साथ ही बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों ने पूरे देश को चिंता व्यक्त की है और इस हमले की कड़ी निंदा की। कांग्रेस का आरोप है कि 'विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम' के माध्यम से मनरेगा को खत्म किया गया है और योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना राष्ट्रपिता का अपमान है। पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बीते 20 दिसंबर को कहा था कि मोदी सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया है और करोड़ों किसानों, श्रमिकों एवं भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने यह भी कहा था कि पार्टी नए 'काले कानून' के खिलाफ लड़ाई को प्रतिबद्ध है। संसद से जी राम जी विधेयक पारित होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया था कि मनरेगा का सिर्फ नाम नहीं बदला जा रहा है, बल्कि इस योजना की ''योजनाबद्ध हत्या'' की जा रही है तथा विदेशी धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर फूल चढ़ाना सिर्फ दिखावा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि जी राम जी अधिनियम प्रदेशों एवं गांवों के खिलाफ है तथा इसे वापस लेने के लिए सरकार को विवश करने के मकसद से एक राष्ट्रव्यापी मोर्चा बनाया जाएगा। संसद ने विपक्ष के हंगामे के बीच बीते 18 दिसंबर को 'विकसित भारत–जी राम जी विधेयक, 2025' को मंजूरी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की संतुति के बाद अब यह अधिनियम बन चुका है। यह 20 साल पुराने मनरेगा की जगह लेगा।

## शादी का झूठा वादा कर शोषण गंभीर अपराध, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा, समाज में बढ़ रही प्रवृत्ति पर रोक जरूरी

(एजेंसी) प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शादी का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाने और बाद में मुकर जाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे समाज के लिए बेहद गंभीर समस्या बताया है। न्यायालय ने कहा कि इस तरह की मानसिकता समाज में तेजी से फैल रही है और इसे शुरुआती स्तर पर ही समाप्त किए जाने की आवश्यकता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव ने औरैया निवासी प्रशांत पाल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए की।कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि शुरू से ही किसी व्यक्ति का इरादा धोखा देने का हो और वह केवल अपनी हवस पूरी करने के उद्देश्य से शादी का झूठा भरोसा दिलाए, तो यह सिर्फ निजी विवाद नहीं बल्कि समाज के खिलाफ किया गया गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में अदालतें नरमी नहीं बरत सकतीं।अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी और पीड़िता के बीच करीब पांच वर्षों तक संबंध रहे। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता को शादी का भरोसा दिलाकर उसके साथ यौन संबंध बनाए। लंबे समय तक चले इस रिश्ते के बाद अचानक आरोपी ने पीड़िता से शादी करने से साफ इन्कार कर दिया और दूसरी महिला से सगाई कर ली।पीड़िता का आरोप है कि उसने आरोपी पर पूरी तरह भरोसा किया था और उसी विश्वास के आधार पर वह रिश्ते में बनी रही। लेकिन बाद में उसे यह अहसास हुआ कि आरोपी का उद्देश्य शुरू से ही शादी नहीं, बल्कि उसका शोषण करना था।अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से पेश अधिवक्ता ने दलील दी कि आरोपी और पीड़िता दोनों बालिग हैं और वर्ष 2020 से सहमति से रिश्ते में साथ रह रहे थे। अधिवक्ता का कहना था कि आरोपी ने कभी भी पीड़िता से शादी का कोई स्पष्ट वादा नहीं किया। बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि केवल शादी से इन्कार कर देना अपने आप में कोई आपराधिक कृत्य नहीं है और इसे दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। उन्होंने आरोपी को अग्रिम जमानत दिए जाने की मांग की।वहीं, राज्य सरकार की ओर से अग्रिम जमानत अर्जी का कड़ा विरोध किया गया। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि मेडिकल जांच में पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाए जाने के बयान की पुष्टि हुई है। इसके अलावा आरोपी पर यह भी आरोप है कि वह पीड़िता को उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। सरकारी पक्ष ने दलील दी कि यह मामला सिर्फ सहमति का नहीं है, बल्कि इसमें धोखा, मानसिक उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर तत्व शामिल हैं। ऐसे में आरोपी को अग्रिम जमानत देना न्यायोचित नहीं होगा। दोनों



पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न महत्वपूर्ण फैसलों का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि मामले के तथ्यों से स्पष्ट होता है कि आरोपी का पीड़िता के प्रति धोखे का इरादा शुरू से ही था। वह शादी का झूठा वादा कर केवल अपनी शारीरिक इच्छाओं की पूर्ति कर रहा था। न्यायालय ने कहा कि भले ही पीड़िता बालिग थी और रिश्ते के परिणामों से वाकिफ थी, लेकिन उसने आरोपी पर भरोसा किया। इस भरोसे का गलत फायदा उठाना गंभीर अपराध है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।हाई कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि शादी का झूठा वादा कर महिलाओं का शोषण करने की प्रवृत्ति समाज में तेजी से बढ़ रही है। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो इसके दूरगामी और खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। ऐसे मामलों में सख्त रुख अपनाना न्याय व्यवस्था की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत थाना औरैया, जिला औरैया में मुकदमा दर्ज है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को किसी भी तरह की राहत देने से इनकार कर दिया गया। इस फैसले के जरिए हाई कोर्ट ने स्पष्ट संदेश दिया है कि महिलाओं के साथ धोखे और झूठे वादों के आधार पर शोषण करने वालों को कानून के तहत कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# सम्पादकीय

## सना मलिक पर दांव

महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए), जो लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ा था, अब बीएमसी चुनाव से पहले टूटता नजर आ रहा है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस–एमवीए की तीनों प्रमुख पार्टियां, अब बीएमसी चुनाव एक–दूसरे के खिलाफ लड़ेंगी। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष बीएमसी चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के खिलाफ एकजुट लड़ाई देने में विफल रहा है। महायुति का आत्मविश्वास अपने चरम पर है, खासकर हाल ही में हुए नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरने के बाद। इसे बीएमसी चुनाव से पहले का सेमीफाइनल माना जा रहा है। ऐसे समय में विपक्ष का बिखराव महायुति के लिए जीत का रास्ता आसान कर सकता है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र की राजनीति इन दिनों अलग ही करवट ले रही है। बीएमसी और अन्य नगर निगम चुनाव करीब हैं, ऐसे में गठबंधन के साथ अब विरोधी बनते जा रहे हैं। एक तरफ उद्धव और राज ने हाथ मिला लिया है। एमवीए के दूसरे दल अलग–थलग हैं। वहीं महायुति का हिस्सा अजित पवार भी नए ट्विस्ट के मूड में दिखाई दे रहे हैं। सीटों पर बात न बन पाने को लेकर वह एकला चलो रे की नीति अपनाने पर विचार कर रहे हैं। वह अपना स्वतंत्र अभियान शुरू करने जा रहे हैं। सभी जानते हैं कि महायुति में विवाद नवाब मलिक को बीएमसी चुनाव में एनसीपी का इंचार्ज बनाने को लेकर था। नवाब पर लगे आरोपों को देखते हुए महायुति ने इस पर आपत्ति जताई थी। अजित पवार मजबूरी में ऐसा नहीं कर सके। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि अजित पवार की रणनीति इनडायरेक्टली नवाब मलिक और सना मलिक से राजनीतिक फायदा लेने की है, ताकि इलाके के वोटों को अपनी ओर किया जा सके।



नफीस जाफरी

सना मलिक एक भारतीय राजनीतिज्ञ, आर्किटेक्ट, वकील और समाज सेवा में सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो महाराष्ट्र के अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र से महाराष्ट्र विधान सभा की विधायक हैं। वह वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक की बेटी हैं। सना मलिक का जन्म और पालन–पोषण मुंबई में ही हुआ। उन्होंने रिजवी कॉलेज ऑफ़ आर्किटेक्चर से बैचलर ऑफ़ आर्किटेक्चर की डिग्री प्राप्त की और बाद में रिजवी लॉ कॉलेज, मुंबई विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री भी पूरी की। उनकी शिक्षा और पेशेवर पृष्ठभूमि ने उन्हें शहर के विकास, सामाजिक न्याय और कानूनी मामलों की गहरी समझ दी, जो उनके राजनीतिक करियर के लिए एक मजबूत आधार बनी। सना मलिक ने 2017 में राजनीति में कदम रखा जब उन्होंने बीएमसी (बृहन्मुंबई नगर निगम) चुनाव में एल वार्ड से चुनाव लड़ा। यह उनका पहला राजनीतिक अनुभव था, और यह उन्हें राजनीतिक जनसेवा की दिशा में सक्रिय रूप से जुड़ने का मंच मिला। समय के साथ, उन्होंने महाराष्ट्र राज्य राष्ट्रवादी युवती कांग्रेस की उपाध्यक्ष और बाद में महाराष्ट्र एनसीपी की राज्य प्रवक्ता के रूप में भी काम किया, जिससे उन्हें पार्टी के भीतर एक मजबूत पहचान मिली। सना को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा अणुशक्ति नगर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया गया। उन्होंने इस क्षेत्र में चुनाव लड़ते हुए फहाद अहमद को हराकर विधायक की सीट जीत ली। सना मलिक जनता–मुखी कार्यशैली को महत्व देती हैं। उनका मानना है कि राजनीतिक सेवा में जवाबदेही, पारदर्शिता और जनता का साथ सर्वाधिक अहम है। अपनी चुनावी अभियान में उन्होंने कहा कि वह लोगों के घर–घर जाकर उनके समस्याओं को सुनती हैं और उनके समाधान पर काम करती हैं। सना मलिक के पिता नवाब मलिक, महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता हैं, जिन्होंने लंबे समय तक अणुशक्ति नगर से ही राजनीति की है। सना ने अपने पिता के राजनीतिक अनुभव और जनसेवा की राह को आगे बढ़ाते हुए खुद भी राजनीति में कदम रखा है। उनकी पारिवारिक और पेशेवर पृष्ठभूमि ने उन्हें सामाजिक मुद्दों को समझने और उनके समाधान पर काम करने के लिए एक मजबूत आधार दिया है। सना मलिक की राजनीति यात्रा एक आर्किटेक्ट–कानून पेशेवर से विधायक तक की प्रेरणादायक कहानी है। उन्होंने न केवल अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के लिये आवाज भी उठाई है। उनका उद्देश्य है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र को विकास, समावेशन और महिला सशक्तिकरण के मार्ग पर अग्रसर करें।

## विद्युत विभाग की शिकायतों का क्यूआर कोड निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम का शुभारंभ

(संवाददाता) प्रयागराज । आज प्रबंध निदेशक द्वारा माघ मेले में बिजली संबंधी शिकायतों का क्यूआर कोड के माध्यम से त्वरित निस्तारण हेतु 24 7 कार्यरत कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया गया। साथ ही माघ मेला 2025– 26 के कार्यों की शिविर कार्यालय में समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मेला में कराए गए विद्युत संबंधी कार्य स–समय पूर्ण होने पर संतोष जताते हुए माघ मेला 25–26 मे मेले के दौरान/ मुख्य स्नान पर्वों पर निर्वात विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात सतुआ बाबा महाराज जी एवं दंडी बाड़ा शिविर में पहुँचकर महाराज जी से भेंट की और वहां शिविर में हो रही वायरिंग को चेक किया गया। विद्युत कर्मियों को निर्देशित किया गया कि मेला क्षेत्र में बन रहे सभी शिवरों में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मानक के अनुरूप उच्च क्वालिटी की वायरिंग एवं उपकरणों का प्रयोग किया जाए। साथ ही सभी शिविरों में एम.सी.बी. लगाकर ही विद्युत संयोजनों को ऊर्जीकृत किया जाए। तत्पश्चात प्रबंध निदेशक नेओल्ड जीटी रोड एवं महावीर मार्ग पर स्थित 2 400 केवीए पावर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आर. एम. यू . एवं डीजी सेट की फंक्शनिंग ऑटो पर चेक कराई गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता इंजीनियर राजेश कुमार, अधीक्षण अभियंता इंजीनियर भारत सिंह, अधिशासी अभियंता माघ मेला इंजीनियर अशोक कुमार मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव परिणाम- उद्धव ठाकरे अपने ही गढ़ में हुए साफ़


गुलफिशा खान

महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव के लिए शिवसेना–उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के बीच गठबंधन हो गया है। इस बीच खबर है कि इस गठबंधन में शामिल होने को लेकर शिवसेना नेता संजय राउत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी फोन किया है। पार्टियों का मिलकर महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के बैनर तले बीएमसी चुनाव लड़ने के प्रयास जारी हैं। संजय राउत ने राहुल गांधी को फोन कर ठाकरे भाइयों और कांग्रेस के साथ एमवीए गठबंधन को अंतिम रूप देने पर चर्चा की है। हालांकि मुंबई कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है। लेकिन शिवसेना (यूबीटी) भाजपा के खिलाफ सामूहिक लड़ाई पर जोर दे रही है। तो वहीं इससे पूर्व महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजों में सबसे बड़ा झटका उद्धव ठाकरे को लगा है। 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के परिणामों में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) के गठजोड़ वाले महायुति को विजय श्री मिली है। कुल 288 निकायों में से महायुति ने 215 पर कब्जा किया है, जिसमें भाजपा 129, एकनाथ शिंदे की शिवसेना 51 और अजित पवार की एनसीपी 35 निकायों में जीती है। इसके विपरीत, महाविकास अघाड़ी मात्र 51 निकायों पर सिमट गई है। जिसमें कांग्रेस (35) ने उद्धव सेना (9) और शरद पवार की एनसीपी (7) की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। कुल 6,859 सीटों पर आए नतीजों में एक बात साफ नजर आई है कि भाजपा ने राज्य के लगभग आधे हिस्से (3,325 सीटें) पर जीत हासिल की है। वहीं, शिवसेना (न्ठज) को मात्र 378 सीटें मिली हैं, जो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना (695 सीटें) से काफी कम है। यह आंकड़े दर्शाते



हैं कि मशाल चिह्न (उद्धव शिवसेना का चुनाव निशान) ग्रामीण और अर्ध–शहरी मतदाताओं के बीच अपनी पैठ बनाने में विफल रहा है, जबकि धनुष–बाण और कमल का कॉम्बो राज्य में प्रभावी बना हुआ है। कोंकण, जिसे कभी शिवसेना का अभेद्य किला माना जाता था, अब उद्धव ठाकरे के हाथ से पूरी तरह फिसल चुका है। मालवण नगर परिषद (सिंधुदुर्ग) के नतीजे इसका सबसे बड़ा प्रमाण हैं। जहां शिंदे गुट ने मेयर पद सहित 10 सीटें जीतीं और भाजपा को 5 सीटें मिलीं हैं। यहां शिवसेना (न्ठज) को मात्र 4 सीटों से संतोष करना पड़ा। पालघर में भी स्थिति भयावह रही, जहां शिंदे सेना ने 19 सीटें जीतकर मेयर पद अपने नाम किया और उद्धव सेना को मात्र 3 सीटों पर समेट दिया। यहीं कारण है कि इन नतीजों के बाद ठाकरे बंधुओं के बीच गठजोड़ पर जल्द ही फैसला ले लियाय। राज ठाकरे का रणनीतिक फोकस मुंबई और ठाणे जैसे मराठी बहुल शहरी क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारने पर है। चूंकि उद्धव ठाकरे की सांगठनिक शक्ति (9 निकाय जीत) न्यूनतम स्तर पर है, इसलिए वे अब राज ठाकरे के साथ गठबंधन के लिए मजबूर दिख रहे हैं। राज की मनसे मुंबई के 25–30 वार्डों में 3,000–5,000 वोटों का प्रभाव रखती है, जो किसी भी उम्मीदवार की जीत–हार तय कर सकते हैं। महाविकास अघाड़ी के भीतर अब उद्धव ठाकरे की स्थिति जूनियर पार्टनर जैसी हो गई है। कांग्रेस ने 35 परिषदों में जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया है कि वह विपक्ष में सबसे बड़ा चेहरा है। नाना पटोले और रमेश चेन्नीथला के सोलो एक्ट (अकेले चुनाव लड़ने) के बयानों ने उद्धव ठाकरे की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यदि कांग्रेस मुंबई (बीएमसी) चुनाव अकेले लड़ती है, तो उद्धव ठाकरे के पास राज ठाकरे के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा, और इस सौदेबाजी में राज ठाकरे अपनी शर्तों पर सीटें मांगेंगे। 15 जनवरी 2026 को होने वाले बीएमसी चुनाव अब उद्धव ठाकरे के लिए राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई है। 74,427 करोड़ रुपये के विशाल बजट वाली इस महानगरपालिका पर महायुति ने अब 150+ सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। अंबरनाथ और ठाणे के स्थानीय चुनाव परिणामों ने संकेत दिया है कि महायुति की डबल इंजन सरकार ने महिलाओं और शहरी मध्यम वर्ग के बीच अपनी जगह बना ली है। यदि उद्धव और राज का गठबंधन मूर्त रूप नहीं लेता, तो मराठी वोटों का बिखराव महायुति के लिए सत्ता का रास्ता आसान कर देगा। आज के आंकड़े यह सिद्ध करते हैं कि महाराष्ट्र की राजनीति में अब सहानुभूति का दौर खत्म हो चुका है और मतदाता विकास एवं स्थानीय शक्ति को प्राथमिकता दे रहे हैं। उद्धव ठाकरे की मात्र 9 परिषदों में जीत यह संकेत है कि उनकी मोलभाव वाली शक्ति अब उनके सांगठनिक अस्तित्व पर निर्भर है। आगामी बीएमसी चुनावों में ठाकरे उपनाम के सम्मान को बचाने के लिए अब उद्धव को अपनी विचारधारा और रणनीतिक गठबंधनों में कठोर बदलाव करने होंगे।

# बीएमसी का रण-वजूद बचाने के लिए एक हुए "ठाकरे ब्रदर्स"




महाराष्ट्र में नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों के नतीजों ने राज्य की सियासत में एक स्पष्ट संदेश दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इन चुनावों में न केवल सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की, बल्कि संगठनात्मक मजबूती और रणनीतिक परिपक्वता का भी प्रदर्शन किया। इस सफलता के केंद्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की सोची–समझी चुनावी रणनीति मानी जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद रविंद्र चव्हाण ने चुनाव को सिर्फ मतदान की प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की परीक्षा के रूप में देखा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, चव्हाण ने सबसे पहले जिलास्तर और मंडलस्तर पर संगठनात्मक कमजोरियों की पहचान कर उन्हें दुरुस्त करने पर जोर दिया। तो वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र की राजनीति में बीते दिनों एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मुंबई में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शिवसेना (न्ठज)–मनसे गठबंधन का औपचारिक ऐलान किया। यह गठबंधन 2026 बीएमसी चुनाव समेत कुल 29 नगर निगम चुनावों से पहले हुआ है, जिसकी तैयारी दोनों दल पिछले कई हतों से कर रहे थे। दोनों ने ऐलान किया है कि साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसे लेकर उद्धव ठाकरे ने कहा कि ठाकरे परिवार ने मुंबई के लिए संघर्ष किया है। महाराष्ट्र को लेकर हमारी सोच एक हैं, हम साथ हैं। मराठियों का बलिदान हमें याद है। उद्धव ने आगे कहा कि मुंबई को तोड़ने की कोशिश हो रही है। मुंबई को महाराष्ट्र से अलग नहीं होने देंगे। आपसी लड़ाई से मुंबई को नुकसान हुआ है। गठबंधन की घोषणा करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, हमारी सोच एक है। हमें मराठियों का संघर्ष और उनका बलिदान याद है। आज हम दोनों भाई एक साथ खड़े हैं और आगे भी साथ रहेंगे। दिल्ली में बैठे लोग हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन इस बार हमें टूटना नहीं है। अगर ऐसा हुआ तो यह हमारे पूर्वजों के बलिदान का अपमान होगा। उद्धव




ने आगे कहा, हम ठाकरे भाई यहां हैं। हमारे पिता ने मुंबई की आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। आज सत्ता में बैठे लोग सब कुछ खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर किसी ने मुंबई को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, तो हम उसका मुकाबला करेंगे। भाजपा के नारे बंटेंगे तो कटेंगे पर उन्होंने पलटवार किया। उद्धव ठाकरे ने कहा, लड़ेंगे तो टूटेंगे। राज ठाकरे ने कहा, मैंने पहले ही कहा था कि महाराष्ट्र किसी भी निजी झगड़े से बड़ा है। आज हम दोनों भाई साथ आए हैं। सीटों का बंटवारा हमारे लिए मायने नहीं रखता. अगला मेयर मराठी होगा और हमारा होगा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि नाशिक में सीट शेयरिंग और गठबंधन तय हो चुका है। इस पर राज ठाकरे ने कहा कि आज हम मुंबई में गठबंधन के ऐलान के लिए आए हैं। कांग्रेस के अकेले लड़ने पर उद्धव ने कहा, कांग्रेस ने जो फैसला लिया है, वह उनका निर्णय है। भाजपा को जो तय करना है करे। हम यह तय करेंगे कि मराठी लोग क्या चाहते हैं। कोई भी मराठी प्रेमी हमारे साथ आ सकता है। संजय राउत ने इस गठबंधन को केवल राजनैतिक समझौता नहीं, बल्कि दिलों का मिलन करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मेलमिलाप की नींव तब पड़ी थी, जब दोनों भाई स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी थोपने के सरकार के फैसले के खिलाफ एक सुर में खड़े हुए थे। राउत के अनुसार, कार्यकर्ताओं ने इस रिश्ते को दिल से स्वीकार कर लिया है और वे जमीन पर एक साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

## दिमाग के लिए पढ़ना भी वैसा ही है, जैसा शरीर के लिए व्यायाम

एन. रघुरामन

'जब भगवान कुछ खाते ही नहीं हैं तो हम नैवेद्यम के तौर पर उनके सामने खाने की चीजें क्यों रखते हैं?' अपने स्कूली दिनों में यह सवाल मैंने अपनी मां से पूछा था। उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। नैवेद्यम में से एक चीज मुझे खिलाने के बाद उन्होंने मेरी स्कूल बुक ली और मुझसे एक पेज पढ़ने को कहा, जहां महज दो लाइनें थीं। उन्होंने कहा, 'मैं चाहती हूं कि तुम इसे रटकर हमेशा के लिए दिमाग में बसा लो।' मैंने पांच मिनट से भी कम समय में यह कर लिया और लौटकर एक–एक शब्द सुना दिया। फिर उन्होंने पूछा, 'तो क्या तुम्हारे दिमाग में इस पेज का हर शब्द आ गया है?' मैंने गर्व से कहा, 'हां।' उन्होंने अपना सिर हिलाया और बोलीं कि 'अच्छा, अब किताब लाओ, जरा मैं देखूं।' मैंने तुरंत किताब दे दी। उन्होंने पेज देखकर कहा कि 'नामुमकिन। इस किताब से तुम्हारे दिमाग में एक अक्षर तक नहीं गया। देखो, सारे अक्षर तो यहीं हैं। अगर ये तुम्हारे दिमाग में होते, तो पेज खाली होना चाहिए था।' फिर उन्होंने मुझे नैवेद्यम का असल अर्थ और उसकी भावना समझाई। मैंने पूछा कि यह बात उन्हें किसने बताई तो उन्होंने कांचीपुरम मठ के श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती स्वामीगल का नाम लिया और उनकी किताबें मुझे पढ़कर सुनाईं। यहीं से पढ़ने में मेरी रुचि धीरे–धीरे बढ़ती गई। मेरी मां मुझे ढेरों किताबें पढ़कर सुनाती थीं और मानती थीं कि बच्चे के जीवन में पढ़ने का कोई विकल्प नहीं है। बेस्ट सेलिंग फंतासी बुक सीरीज हैरी पॉटर की प्रख्यात ब्रिटिश लेखिका जेके रोलिंग ही ऐसी नहीं, जो सोते वक्त बच्चों को कहानियां सुनाने को महत्वपूर्ण मानती हैं– मेरी मां भी इसमें भरोसा रखती थीं। मेरे पिता अखबार पढ़वाकर मेरा उच्चारण जांचते थे। कॉलेज के दिनों में जब मैं शॉर्टहैंड सीख रहा था, वे संपादकीय पन्नों से डिक्टेशन दिया करते थे। इससे मैंने न सिर्फ भाषा सीखी, बल्कि मुझे नेताओं की राय और विचारों का भी पता चला। इस हफ्ते मुझे ये बातें तब याद आईं, जब उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी माध्यमिक स्कूलों में छात्रों के लिए अखबार पढ़ना अनिवार्य कर दिया। ताकि उनमें पढ़ने की आदत डाली जा सके, स्क्रीन टाइम कम किया जा सके और उनमें तार्किक सोच विकसित की जा सके। प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा की ओर से 23 दिसंबर को जारी आदेश में कहा गया है कि अंग्रेजी और हिंदी, दोनों ही अखबारों को स्कूलों की रोजमर्रा की अध्ययन संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए। यह नया आदेश नवंबर में जारी उस आदेश की कड़ी में था, जिसमें छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने के तरीकों पर बात की गई थी। 23 दिसंबर के आदेश में अत्यधिक स्क्रीन टाइम को हतोत्साहित करते हुए छात्रों को 'फिजिकल' अखबार पढ़ने की सलाह दी गई, ताकि उनमें एकाग्रता बढ़ सके। आदेश में कहा गया है कि 'रोजाना मॉर्निंग असेंबली में 10 मिनट की न्यूज रीडिंग की जानी चाहिए। इसमें छात्र बारी–बारी से संपादकीय लेखों के मुख्य बिंदु, राष्ट्रीय– अंतरराष्ट्रीय व खेल जगत की सकारात्मक खबरें पढ़कर सुनाएंगे।' आदेश में यह भी है कि आमतौर पर छात्र अपने पसंदीदा विषयों तक ही सीमित रहते हैं जबकि अखबार से उन्हें विज्ञान, संस्कृति और खेल के उन मसलों की जानकारी भी मिलती है, जिनके बारे में वे सामान्यतरू नहीं पढ़ते। यह 'एक्सीडेंटल लर्निंग' उनका नॉलेज बेस बढ़ाती है। आपका पैशन, प्रोजेक्ट या पेशा कुछ भी हो, पढ़ने की आदत आपको लक्ष्य पाने में मदद करती है। पढ़ना हमें नए नजरिए समझाता है, सहानुभूति सिखाता है और दिमाग में नए विचार पैदा करता है। बिल गेट्स जैसे सभी सफल लोगों से पूछिए, वे भी सफलता का श्रेय पढ़ने को, खासकर अखबार पढ़ने की आदत को देते हैं।

## डिजिटल क्रांति दुधारी तलवार, सोशल नेटवर्किंग जागरुकता से जनित मानसिक जटिलताएँ

संजीव ठाकुर

सोशल नेटवर्किंग और डिजिटल क्रांति 21वीं सदी की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिनी जा रही है, क्योंकि इंटरनेट और वेब मीडिया के इस युग ने सूचना के आदान–प्रदान, जनमत निर्माण, विभिन्न क्षेत्रों, संस्कृतियों और समाजों को जोड़ने तथा उन्हें सहभागी बनाने में एक अभूतपूर्व भूमिका निभाई है आ सोशल नेटवर्किंग केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि एक सामाजिक पहचान और स्टेटस सिंबल भी बन चुकी है जितनी तेजी से इसने दुनिया को जोड़ा है उतनी ही गहराई से इसने मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं को जन्म भी दिया है, सोशल मीडिया ने वैश्विक स्तर पर एक ऐसे नए नागरिक को जन्म दिया है जो स्वयं जागरूक है और दूसरों को भी जागरूक करता है, किंतु इसी प्रक्रिया में बच्चे और किशोर बहुत कम उम्र में वयस्क दुनिया के दबाव, तुलना, आभासी प्रतिस्पर्धा और मानसिक द्वंद्व का शिकार हो रहे हैं सोशल नेटवर्किंग आज मानसिक रोगों को जन्म देने वाली एक अदृश्य मशीन के रूप में भी सामने आ रही है, गांव से लेकर शहर तक लगभग हर व्यक्ति इसके प्रभाव में है और कई बार यह प्रभाव मानसिक संतुलन को डगमगाने की स्थिति तक पहुंच जाता है अभिभावकों द्वारा मोबाइल फोन छीन लेने पर बच्चों में अवसाद और आत्मघाती प्रवृत्तियों के बढ़ते मामले इस खतरे की गंभीर चेतावनी हैं वर्तमान समय में फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर (एक्स), इंस्टाग्राम, लिंक्डइन जैसे मंच इंटरनेट का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं जो दुनिया भर के अरबों लोगों को पलक झपकते जोड़ देते हैं इंटरनेट ने भौगोलिक दूरियों को लगभग समाप्त कर दिया है और वैश्विक समाज एक तरह से 'आभासी राष्ट्र' का नागरिक बन गया है भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में सोशल मीडिया के उपयोगकर्ताओं की संख्या दुनिया में अग्रणी है और डिजिटल इंडिया के साथ यह संख्या लगातार बढ़ रही है सोशल नेटवर्किंग का सकारात्मक पक्ष यह है कि इससे शिक्षा, व्यापार, पत्रकारिता, जन–जागरूकता, रोजगार, सामाजिक अभियानों और त्वरित सूचना प्रसार को नई गति मिली है, कोविड–19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं, बचाव उपायों और सरकारी दिशानिर्देशों के प्रसार में सोशल मीडिया ने मानवीय सहायता का ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत किया, भारत जैसे देश में इतनी बड़ी आबादी के बावजूद महामारी पर नियंत्रण में सोशल मीडिया की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के पक्ष को रखने, सीमा संबंधी मुद्दों और वैश्विक जनमत को प्रभावित करने में भी सोशल मीडिया एक प्रभावी माध्यम बना, किंतु इसका नकारात्मक पक्ष उतना ही खतरनाक है क्योंकि अत्यधिक उपयोग मानव मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, अवसाद, अकेलापन, आक्रामकता, स्मरण शक्ति और चिंतन क्षमता में गिरावट जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं सोशल मीडिया फर्जी समाचार, भड़काऊ भाषण, अफवाहों और साइबर अपराध का बड़ा मंच बन चुका है, भारत जैसे बहुलतावादी लोकतंत्र में यह सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती प्रस्तुत करता है, साइबर स्कैम, निजी डेटा की चोरी, धार्मिक भावनाओं और राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान तथा कानूनों का उल्लंघन इसके दुष्परिणाम हैं अनियंत्रित सोशल मीडिया उपयोग से व्यक्ति–व्यक्ति के बीच वास्तविक संवाद और संवेदना की दूरी बढ़ती जा रही है इस प्रकार सोशल नेटवर्किंग ज्ञान, रोजगार, संचार और सामाजिक जागरूकता का सशक्त माध्यम होने के साथ–साथ मानसिक, सामाजिक और नैतिक संकटों का कारण भी बन रही है, इसलिए यह आवश्यक है कि सोशल मीडिया के उपयोग में संतुलन, विवेक और जिम्मेदारी विकसित की जाए, निजता के अधिकार की रक्षा करते हुए इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए नए कानूनी, सामाजिक और नैतिक विकल्पों की खोज की जाए, ताकि इसकी सकारात्मक शक्तियों को आत्मसात करते हुए आने वाली पीढ़ियों को इसके संभावित दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

## न्याय-अन्याय के बीच

उन्नाव दुराचार मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दिए जाने के खिलाफ शुक्रवार को पीड़िता की मां समेत कई लोगों ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने प्रदर्शन किया। वे दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उन्नाव रेप केस के दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दे दी थी। जिसके बाद फैसले को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। पीड़िता की मां इस जमानत को रद्द करने और शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की बात कहती रही हैं। वे अपने पति के हत्यारों को फांसी देने की गुहार लगाती नजर आईं। विपक्षी नेता भी आरोप लगाते रहे हैं जिस तरह तकनीकी आधार पर दोषी को छूट दी गई है, उसमें न्यायिक प्रणाली के लिये गलत परंपरा विकसित होगी। जिससे पीड़िता के परिवार का ही नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का भरोसा भी टूटेगा। दरअसल, वर्ष 2017 में हुए इस बहुचर्चित मामले में पूर्व विधायक को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी गई थी। जिसे हाईकोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ पिछले दिनों जमानत दे दी। जिसके खिलाफ पीड़ित पक्ष और कतिपय महिला संगठन मुखर हुए हैं। बल्कि इस मामले की सर्वाइवर का कहना था कि यदि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर होगा तो सुरक्षा के लिये मुझे जेल भेज दिया जाए। उल्लेखनीय है कि सजा मिलने के छह साल बाद हाईकोर्ट की एक बेंच ने उसकी सजा निलंबित कर दी थी। पूर्व विधायक को 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के तीन जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया था। सजा निलंबित होने के कुछ ही घंटों के बाद पीड़िता व कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोषी को जमानत दी गई है। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर रहेगा तो उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस मामले में विपक्षी राजनीतिक दलों की भी तल्ख प्रतिक्रियाएं आई हैं। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता ने इस जमानत को निराशाजनक बताया। उल्लेखनीय है कि इस अपराध के सामने आने में दस माह लगे थे। मामले के तूल पकड़ने पर पीड़िता के पिता पर हमला हुआ था। उन्हें बाद में जेल भेज दिया गया था और पुलिस हिरासत में रहस्यमय ढंग से उनकी मृत्यु हो गई थी। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि जमानत की अवधि में सेंगर सर्वाइवर के पांच किमी के दायरे में नहीं आएंगे और दिल्ली में ही रहेंगे। उसे हर सोमवार पुलिस के समक्ष रिपोर्ट करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी कि किसी भी शर्त के उल्लंघन में जमानत रद्द कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सेंगर ने ट्रायल कोर्ट में दुराचार के लिये दोषी ठहराने वाले फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था, उसके खिलाफ बलात्कार, अपहरण और आपराधिक धमकी के आरोप लगे। साथ ही पोक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हुआ था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इससे जुड़े चार मामलों की सुनवाई दिल्ली स्थानांतरित कर दी थी। इस बीच रायबरेली जाते समय पीड़िता की कार को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी, जिसमें उनकी दो मौसियों की मौत हो गई थी। यही वजह है कि ट्रायल कोर्ट ने दुराचार के मामले में सेंगर को दोषी ठहराते हुए न केवल आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी बल्कि निर्देश दिया था कि सीबीआई सर्वाइवर और उसके परिवार के जीवन व स्वतंत्रता की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। इतना ही नहीं ट्रायल कोर्ट ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सेंगर के सार्वजनिक सेवक होने के बावजूद अपराध करने को अनैतिक बताया था। जो जनता का विश्वास तोड़ने वाला है। वहीं कानून के जानकार मानते हैं कि पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में भी सेंगर को दस साल की सजा हुई थी, अतरू अभी उसके जेल से बाहर आने की संभावना नहीं है। लेकिन इस जमानत के फैसले ने न्याय व अन्याय के सवाल को फिर से सवालों के घेरे में खड़ा किया है।

# कदमपुर में महिला सुरक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता की जगाई अलख

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति के अंतर्गत शनिवार को थाना ऊसराहार पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम ने ग्राम कदमपुर में पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाया। महिला पुलिस कर्मियों ने गांव की गलियों और चौपालों पर पहुंचकर महिलाओं एवं



बालिकाओं को मिशन शक्ति पंपलेट वितरित किए और उन्हें सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं साइबर अपराध से बचाव के विषय में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने सरल भाषा में समझाया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों का तुरंत उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान महिलाओं को पुलिस आपात सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य आवश्यक सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं से शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, नशे से दूर रहने और सीखी गई जानकारी को परिवार व समाज तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है और जागरूकता ही आत्मरक्षा का सबसे मजबूत माध्यम है।

# बहादुरपुरा में चलाया महिला सुरक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति के अंतर्गत शनिवार को थाना पछायगांव पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बहादुरपुरा में जागरूकता



कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरित किए तथा महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं सरकारी सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। जिनमें पुलिस आपात सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य जरूरी सेवाएं शामिल रहीं। साथ ही महिलाओं को विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं को शिक्षा को प्राथमिकता देने, नशे से दूर रहने तथा सीखी गई जानकारी को अपने परिवार एवं समाज में साझा करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और जागरूक बनाना रहा।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते हैं।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते हैं व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते हैं एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, ज्वाला-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS, (H) PMP
हाजी खलीक अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। खेल निदेशालय व कुश्ती संघ के समन्वय से जिला खेल कार्यालय द्वारा डॉ0 भीम राव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 25 से 27 दिसम्बर तक आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत मनोज राय एवं विशिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रामाश्रय मौर्या व पूर्व प्रत्यासी विधानसभा अशोक सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ का स्वागत डी0पी0 सिंह क्रीडाधिकारी द्वारा बुके देकर तथा बैज लगाकर किया गया। प्रतियोगिता में सभी सेमीफाईनल एवं फाईनल मुकाबला खेला गया। 43 किग्रा भार वर्ग में प्रीति यादव स्पोर्टस कालेज गोरखपुर प्रथम, आ.ति अयोध्या छात्रावास द्वितीय एवं अंकिता यादव एवं पायल यादव



कानपुर मण्डल तृतीय रहीं। 46 किग्रा भार वर्ग में नेहा पाल वाराणसी प्रथम, निशा स्पोर्टस कालेज स्पोर्टस कालेज गोरखपुर एवं आ.ति गोरखपुर अदिति सिंह अयोध्या छात्रावास तृतीय रही। 49 किग्रा भार वर्ग में कविता स्पोर्टस कालेज गोरखपुर प्रथम, आंकाक्षा यादव अयोध्या छात्रावास द्वितीय एवं साक्षी अयोध्या वर्षा सिंह आगरा तृतीय रही। 53 किग्रा भारवर्ग में कामिनी यादव स्पोर्टस कालेज प्रथम श्वेता पारस आगरा द्वितीय एवं रिया वाराणसी एवं खुश्बू अयोध्या तृतीय रही। 57 किग्रा भारवर्ग में प्रीति भारती स्पोर्टस कालेज गोरखपुर प्रथम, वन्दना वाराणसी द्वितीय एवं शिखा यादव अयोध्या हास्टल एवं जैस्मीन आगरा तृतीय रही। 61 किग्रा भारवर्ग में खुशी चौहान वाराणसी प्रथम, अवनी राठी स्पोर्टस कालेज गोरखपुर द्वितीय एवं अंभिका यादव अयोध्या छात्रावास एवं सौम्या तिवारी गोरखपुर मण्डल तृतीय रही। उक्त अवसर पर उमेश चन्द्र उपाध्याय महासचिव उ0प्र0 कुश्ती संघ, प्रवीण कुमार सचिव आजमगढ कुश्ती संघ, मंगल सिंह सचिव जिला कुश्ती संघ, ओमेन्द्र सिंह, राजीव जायसवाल, अखिलेश खरवार, भूपेंद्र नाथ, रितेश, श्रीमति सोनिया कुमारी, श्रीमति रीमा यादव, निर्णायक प्रेम चन्द्र यादव, रामानन्द यादव, गोरखनाथ यादव, प्रेम चन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन जय प्रकाश यादव, उप क्रीड़ा अधिकारी आजमगढ़ द्वारा किया गया। अन्त में डी0पी0 सिंह क्रीडाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, एवं प्रतियोगिता में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि एवं उपस्थित समस्त खेल प्रेमियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।


# ख्वाजा गरीब नवाज के 814 वें उर्स पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## - अपने चरित्र को अच्छा बनाकर समाज में अच्छाई का करें काम : शोएब मियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। सुल्तानुल हिन्द ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी हसन संजरी अलैहिर्रहमा के 814 वें उर्स के अवसर पर कस्बा खैराबाद में विभिन्न दरगाहों पर कुरआन ख्वानी, कव्वाली व कुल शरीफ का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सबसे पहले प्रातः 10 बजे दरगाह हजरत छोटे मखदूम साहब में सज्जादानशीन सैय्यद अजीजुल हसन रिजवी मदनी मियां की सरपरस्ती में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैय्यद गुफरान रिजवी, सैय्यद कामरान रिजवी, सैय्यद फरमान मियां हाशमी, हाफिज ताहिर किरमानी, शाहिद अली मोलहे, हाफिज नौशाद व मोहम्मद जुनेद, सैय्यद रेहान अली आदि की मौजूदगी में कुल शरीफ हुआ तत्पश्चात दरगाह हजरत बड़े मख्दूम साहब में अपरान्ह एक बजे सज्जादानशीन नजमुल हसन शोएब मियां की सरपरस्ती में कुल शरीफ सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में सांय 5 बजे दरगाह सैय्यद मकबूल अनवर कलन्दर अलैहिर्रहमा में सज्जादानशीन सैय्यद तरीक अहमद किरमानी एवम सैय्यद लईक अहमद





किरमानी की सरपरस्ती में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सभी धर्म के श्रद्धालुओं ने शिरकत की। दरगाह बड़े मखदूम साहब के सज्जादा नशीन नजमुल हसन उस्मानी शोएब मियां ने कहा कि भारत में एकता और भाईचारे का संदेश देने की गरज से ख्वाजा गरीब नवाज यहां पधारे और प्रेम व मोहब्बत का संदेश दिया। आज भारत में सूफी संतों एवम ऋषि मुनियों की आराम गाह हम सबको इस बात का सन्देश देती हैं कि हमें अच्छे रास्ते पर चलकर इंसानियत और भलाई का काम करना चाहिए। इन अवसरों पर उपस्थित लोगों में सैय्यद मदनी मियां, अजीम सिद्दीकी डॉक्टर कामिल सिद्दीकी, सैय्यद लईक अहमद किरमानी, सैय्यद तौसीफ उद्दीन रिजवी, सैय्यद तौहीद रिजवी, सिराजुल हसन, मेराजुल हसन, पूर्व पालिका अध्यक्ष अतीक अहमद अंसारी, रफात हुसैन, हाफिज सैय्यद शारिक किरमानी, सैय्यद इमरान किरमानी, काजिम हुसैन सिद्दीकी, कारी इस्लाम अहमद आरफी, दरगाह कमेटी सदस्य तथा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष इस्तीफा अली खान, दरगाह कमेटी के मंत्री टीटू खान, हाफिज अरसलान उस्मानी, पूर्व सभासद शाहिद अली मोल्हे, शाकिर अली अंसारी अलीग, मौलाना अकीक अहमद खान, नादिर, नब्बन, हाजी लल्लन खान, हाजी नब्बन सेठ, हाजी अबरार सेठ, हसन खान, वारिस खान, समर अहमद, जलीस खान, हाफिज नदीम, अतीक अहमद आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर अकीदतमंदों में प्रसाद तक्सीम किया गया। सज्जादानशीन शोएब मियां ने मुल्क में अमन शान्ति के लिए दुआ करवाई।

# अंतर्जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मेरा युवा भारत उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में भानीरामका अतिथि गृह में 24 से 28 दिसम्बर तक आयोजित अंतर्जनपदीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने जनपद आगरा से आये 37 प्रतिभागियों को जनपद बहराइच व श्रावस्ती के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक स्थलों यथा चित्तौरा झील के तट पर निर्मित महाराजा सुहेलदेव जी के भव्य स्मारक, पयागपुर स्थित प्रदेश के प्रमुख वेट लैण्ड बघेल ताल, कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार तथा भगवान गौतम बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सांसद डॉ. गोंड ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, युवा सशक्तिकरण तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी का आहवान किया कि इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। कार्यक्रम का संचालन माय भारत केंद्र के विशेष कार्याधिकारी कार्याधिकारी लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में जनपद आगरा के 35 युवकों–युवतियों व दो ग्रुप लीडर द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उन्होंने पांच दिवसीय पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जाने वाले सभी गतिविधियों क्षेत्र भ्रमण, अलग–अलग संदर्भ व्यक्तियों द्वारा अलग–अलग विषयों पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनहित फाउंडेशन कल्पीपारा के अध्यक्ष उमेश चन्द्र, जिला प्रशिक्षक विनय श्रीवास्तव, मानस इंटर कॉलेज के प्राचार्य रमेश चंद्र मिश्र, युवा समाजसेवी नरेंद्र कुमार यादव, आशीष पाण्डेय, महिला युवा समाजसेवी सुश्री सोनम वर्मा, प्रिंसी वर्मा व सुधा मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य




उद्देश्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में आयोजित सांस्तिक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल द्वारा प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किये गये राष्ट्रीय गीत व लोकगीत की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया गया।

# बाघ के आतंक से भयभीत पचपकरी वार्डवासी

## - नगर पंचायत ने उपलब्ध कराई मोबाइल टॉयलेट व पेयजल की व्यवस्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा, बहराइच। भारत–नेपाल सीमा पर स्थित आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के वार्ड संख्या 04 पचपकरी में बाघ के हमला करने से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। बाघ के आतंक के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से रात्रि के समय दैनिक आवश्यकताओं के लिए घर से बाहर निकलने में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड वासियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए आदर्श नगर पंचायत के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य के निर्देश पर वार्ड संख्या 04 पचपकरी में मोबाइल टॉयलेट तथा शुद्ध पेयजल टैंकर की व्यवस्था कराई गई है। इस पहल का उद्देश्य यह है कि वार्डवासी खुले में शौच के लिए बाहर न जाएं और बाघ के संभावित हमले से सुरक्षित रह सकें। नगर पंचायत द्वारा की गई इस व्यवस्था से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल टॉयलेट और पेयजल की उपलब्धता से खासकर महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्कता बरतें, अनावश्यक रूप से रात्रि में बाहर न निकलें और प्रशासन द्वारा दी गई सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें, सुरक्षित रहें, सावधान रहें।

# मोतीपुर पुलिस ने वांछित दस अभियुक्तगणों को किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मिंहीपुरवा के कुशल नेतृत्व व थानाध्यक्ष आनन्द कुमार चौरसिया थाना मोतीपुर द्वारा थाना स्थानीय के



गठित पुलिस टीम द्वारा शनिवार को ग्राम बलसिंहपुर से मु0अ0सं0 598/2025 धारा 191(2), 119(1), 352, 351(3), 115(2), 111(4)(7), 3(5) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण उदयराज पुत्र छैलू निवासी चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर थाना मोतीपुर, मनीष पुत्र तीरथराम निवासी चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर थाना मोतीपुर, प्रह्लाद पुत्र खेलावन निवासी चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर थाना मोतीपुर, मुन्नालाल पुत्र खेलावन निवासी चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर, गौतम पुत्र खेलावन निवासी चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर, प्यारे पुत्र बिहारी निवासी चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर, रामप्रसाद पुत्र बिहारी निवासी चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर, सतगुरू पुत्र रामचरन निवासी चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर, बुद्धीलाल पुत्र सुकई निवासी चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर, हंसराज पुत्र हरिराम उम्र 20 वर्ष निवासीगण ग्राम चमारनपुरवा दा0 बलसिंहपुर को थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा गिरतार किया गया। गिरतार शुदा अभियुक्तगण का नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु पुलिस अभिरक्षा में रवाना किया गया।

# बाल संरक्षण समिति हुई बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। देहात इंडिया संस्था के तत्वावधान में एसेक्स–टू–जस्टिस परियोजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय आराजी जोत केशव ग्राम पंचायत सिटकहना जोत केशव ब्लॉक चितौरा में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ग्रामस्तरीय हितधारकों, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं समुदाय के अन्य महत्वपूर्ण सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर बच्चों से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक में बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर समुदाय को उनके लाभ से अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित देहात इंडिया से अमरेश कुमार (प्रोग्राम एसोशिएट) ने मिशन वात्सल्य पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बाल संरक्षण समिति की भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी सदस्यों से सक्रिय रूप से बच्चों के हित में कार्य करने की अपील की। यह बैठक बाल अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, जिसमें समुदाय को जागरूक कर बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण निर्मित करने का संकल्प लिया गया। बैठक में ग्राम प्रधान राजेंद्र, कपिल देव पंचायत सहायक,मीना कुमारी आंगनबाड़ी कौशल किशोर,जवाहर लाल,मिथलेश कुमार आजाद, देहात टीम से अदनान अंसार काउंसलर आदि लोगों सहित बाल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

# परशुराम सेवा समिति की बैठक आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) की एक आवश्यक बैठक रविवार को प्रातः 11 बजे से प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी के आवास चांदनपुर इकदिल में होगी। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने बताया कि बैठक में समिति की वर्ष 2026 की सदस्यता एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जायेगी इसके साथ ही सक्रिय लोगों को प्रदेश व जिला स्तर पर जिम्मेदारी देने पर भी विचार किया जायेगा। उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया।

# गल्ला मंडी पहुंची जांच टीम, सभी क्रय केंद्रों की हुई जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। तंबौर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी को तंबौर सहित क्षेत्र के किसानों ने



तंबौर गल्ला मंडी में लगे धान क्रय केंद्रों की लिखित शिकायत किया था जिस पर जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर तंबौर मंडी की जांच के लिए लेटर जारी कर दिया जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट सीतापुर अवनीश कुमार डिप्टी आर्मो उदय प्रताप सिसोदिया मंडी सचिव डॉ रजनीकांत पीएससी के जिला प्रबंधक अजय बाजपेई सहित सभी अधिकारी बारीकी से 8 घंटे तक जांच की शिकायतकर्ता किसानों को बुलाकर उनके भी बयान लिए गए। सभी के केंद्रों के स्टॉक रजिस्टर सभी संबंधित कागजात की बारीकी से जांच की गई गठित टीम के अधिकारियों ने बताया कि उच्चाधिकारियों को जांच की आख्या भेज देंगे। उच्चाधिकारी ही निर्णय लेंगे। सभी क्रय केंद्रों पर तौल जारी है।

# श्री गुरुगोविन्द सिंह जी का पावन प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। दुख निवारण गुरूद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब में सरवंशदानी गुरू गोविन्द सिंह का प्रकाशोत्सव



मानस की जाति सबै एकै पहिचानबो के उदघोष के साथ श्रद्धा व हर्ष के साथ मनाया गया। श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व की तैयारियाँ पिछले दस दिनों से चल रही थी। दस दिन से चल रही प्रभात फेरी जिसमें श्रद्धालू भक्तगण, स्त्री, बच्चे, बूढ़े व नौजवान गुरूवाणी का सबद वाहो–वाहो गुरूगोविन्द सिंह आपे गुरु चेला, गायन करते हुये और बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के साथ नगर की सड़कों पर निकल पड़ते थे। इसी क्रम में गुरूद्वारा में पांच अखण्ड पाठ साहिब की श्रंखला प्रारम्भ हुई, जिसका समापन अध ारात्रि में सबद कीर्तन व आरती के गायन के साथ पुष्पवर्षा करते हुये हुआ। प्रकाशोत्सव में शनिवार को सुबह से ही गुरूद्वारा में माथा टेकने के लिये स्त्री, बच्चे, बूढ़े व नौजवानों का तांता लगा रहा। सभी समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारा में आकर माथा टेका व अरदास की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के निर्देश पर पध ारी उ.प्र.महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि सर्वंशदानी गुरु गोविन्द सिंह ने देश व धर्म हित में अपने परिवार की कुर्बानी दी। उन्होंने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं जो मुझे यहां अध्यक्ष बनकर पुनः मत्था टेकने का अवसर मिला। उन्होंने सभी संगत को गुरु गोविन्द सिंह जी की जयंती की शुभकामनाएं दीं। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने गुरुद्वारा कमेटी को गुरु गोविन्द सिंह जयंती की बधाई देते हुए वीर सपूतों को नमन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी ने कमलावती सिंह अध्यक्ष उ.प्र. महिला कल्याण निगम, अरुण कुमार गुप्ता भाजपा जिलाध्यक्ष, सरिता भदौरिया सदर विधायक, प्रेमदास कठेरिया पूर्व सांसद, गणेश राजपूत ब्लॉक प्रमुख, देव प्रताप भदौरिया, शिवाकांत चौधरी महामंत्री, संजीव भदौरिया, रजत चौधरी, अंशुल दुबे, विरला शाक्य, सचिन यादव, संजू चौधरी, सीपू चौधरी, .पानारायन तिवारी अशोक चौबे, आयुषराज, अशोक चौहान, नीतू मिश्रा, राधा शाक्य, विमलेश शाक्य व रामनाथ यादव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरन पाल सिंह कालरा ने साहिबे कमाल गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर सभी को बधाई देते हुये कहा कि गुरू साहिब समाज सुधारक व सूरवीर योद्धा ही नहीं बल्कि उच्च कोटि के कवि भी थे, आपकी काव्यक अनुभूति दैवीय थी, आपके अन्दर दार्शनिक, काल्पनिक, अध्यात्मिक आदि सभी गुण मौजूद थे। गुरू महाराज के ह्दय के अन्दर दबे, कुचले लोगों को ऊपर उठाने का महान जज्बा था। गुरु गोविंद सिंह में भक्ति, शक्ति, ज्ञान, वैराग्य, समाज का उत्थान और धर्म और राष्ट्र के नैतिक मूल्यों की रक्षा हेतु त्याग एवं बलिदान की मानसिकता से ओत–प्रोत अटूट निष्ठा तथा .ढ़ संकल्प की अद्भुत प्रधानता थी। इस मौके पर उन्होंने गुरूवाणी की कुछ पक्तियाँ प्रस्तुत की वाहौं–वाहौं गुरूगोविन्द सिंह आपे गुरू चेला इस अवसर पर गुरूद्वारा श्री गुरु तेगबहादुर साहिब के अन्दर पालकी साहिब व गुरूद्वारा की सजावट अनोखी छटा बिखेर रही थी। पालकी साहिब को फूलों से सजाया गया था। इसकी सेवा युवा बच्चों द्वारा की गयी थी और पूरे गुरूद्वारे को बिजली से सजाया गया था। दोपहर में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद एक विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसकी तैयारियाँ सरदार चरनजीत सिंह काका, मनदीप सिंह कालड़ा, त्रिलोचन सिंह मोंगा, दलजीत सिंह, जसवीर सिंह साहनी, राजा साहनी, यश, राजू गुलाटी, दीपू अरोड़ा, ऋषि लूथरा व सतनाम सिंह अरोड़ा द्वारा एवं सजावट की सेवा ऐकस कालरा, साहिब अरोड़ा, मन्नत टुटेजा, सिमर जोत, सिदक टुटेजा, सिमर टुटेजा, सेवा सिंह, प्रदीप सलूजा, वंश मलिक व उनके सहयोगी साथियों की देख–रेख में की गयी थी। गुरुद्वारा साहिब में रात्रि के दीवान में बच्चों के सबद गायन, भजन कीर्तन, कविताओं के गायन के साथ शुभारम्भ हुआ जो कि अर्धरात्रि तक चलता रहा। मुख्य ग्रन्थी भाई गुरदीप सिंह, उत्तम कौर, किशन सिंह व साथियों ने सबद कीर्तन करके संगत को निहाल किया। इस अवसर पर समस्त गुरुद्वारा कमेटी की तरफ से गुरूपर्व पर सभी को बधाई दी व अखण्ड पाठ साहिब की सेवा करने वाले परिवारों को सरोपा भेंट किया गया व सहयोग देने वाले श्रद्धालुओं का धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया।

# रास्ते का वीडियो बनाना पड़ा भारी, दबंगों ने फोड़ा सिर

## – घायल का अस्पताल में चल रहा इलाज, थाने में दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के मदनपुर मजरे रारा गांव में रास्ते पर किए गए अतिक्रमण का वीडियो बनाना एक युवक को भारी पड़ गया। दबंगों ने लाठी–डण्डे से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं थाने में दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। राधानगर थाना प्रभारी को दी गई तहरीर में पीड़ित ध ानराज मौर्य पुत्र रामराज निवासी मदनपुर मजरे रारा ने बताया कि शनिवार को दिन में वह अपने घर के रास्ते का वीडियो बना रहा था। जिसको गांव के नंद किशोर पुत्र शिवलाल ने बाधित कर गंदा पानी बहा रहा है। वीडियो बनाते समय अचानक नंद किशोर व उसका



पुत्र राहुल घर पर चढ़ आए और लोहे की राड व लाठी–डण्डो से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया और शरीर में गंभीर चोटे आई हैं। बीच–बचाव करने पर भतीजे विपिन पुत्र धर्मेन्द्र को भी चोटे आई हैं। शोर–शराबा सुनकर परिजन दौड़कर आए और दबंग गाली–गलौज करते हुए भाग निकले। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मेलन का हुआ आयोजन

## - सेनानी आश्रितों का सम्मान देश का सम्मान : सरिता भदौरिया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। इटावा महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मेलन का आयोजन अत्यंत भव्य और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गान के साथ हुआ। सम्मेलन की संयोजक प्रतिमा शंकर दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मेलन जनपद के उन वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिवारों को समर्पित है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी और अंग्रेजी हुकूमत की अमानवीय यातनाएं सहीं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के लिए लगभग 500 सेनानी परिवारों को आमंत्रण भेजा गया था, जिनमें से एक सैकड़ा से अध िाक परिवारों के आश्रितों को सम्मानित किया गया। उन्होंने सरकार से मांग की कि आर्थिक रूप से कमजोर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों के आश्रितों को नौकरी एवं सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। सम्मेलन में सह संयोजक तहसीलदार राजकुमार यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम 2025 का जो अखंड भारत देख पा रहे हैं, उसके पीछे



स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अमूल्य बलिदान छिपा है। उन्हीं के साहस और संघर्ष से अंग्रेज भारत छोड़ने को विवश हुए। उन्होंने कहा कि सेनानी आश्रितों का सम्मान वास्तव में देश का सम्मान है। इस अवसर पर उन्होंने वीरांगना प्रेमशीला पांडेय एवं बसंती त्रिपाठी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है और उन्हें इस सम्मेलन का हिस्सा बनकर गर्व की अनुभूति हो रही है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि द्वारा सभी सेनानी परिवारों के आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुन्नालाल कश्यप, राज्य कर्मचारी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इं. हरि किशोर तिवारी, अजय कुमार दुबे (आयकर अधिकारी), रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, नवनीत सिंह राठौर, डॉ. रिपुदमन सिंह, सत्य नारायण तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि रोहित चौधरी, व्यापार मंडल नेता आलोक दीक्षित, भजन गायक प्रखर गौड़ एवं समाजसेवी डॉ. आशीष त्रिपाठी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन का सफल संचालन राष्ट्रीय कवि एवं हिंदी लेखक डॉ. कुश चतुर्वेदी ने किया तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# योगी सरकार मत्स्य पालकों को देने जा रही तोहफा

## – सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की जल्द होगी स्थापना

## – राज्य सेक्टर योजना के अंतर्गत मत्स्य पालकों को किया जाएगा आच्छादित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मत्स्य पलकों की आय में वृद्धि हो इसको लेकर योगी सरकार अब सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की जिले में जल्द स्थापना करेगी और राज्य सेक्टर योजना के अंतर्गत मत्स्य पालको को इससे आच्छादित किया जाएगा। एरेशन सिस्टम की स्थापना के बाद मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि होगी और योजना का लाभ लेने के लिए मत्स्य पालकों के आवेदन हेतु ऑनलाइन पोर्टल को 29 दिसंबर से 7 जनवरी तक खोला जा रहा है। जिसमें मत्स्य पालक इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मत्स्य पालकों के चयन के बाद उनको इस योजना का लाभ दिया जाएगा। कम समय मे ही मछलियों का बढ़ता है उत्पादन व मछलियाँ रहती हैं स्वस्थ दरअसल मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार कई योजनाएं चला रही है। जिसमें तालाबों का आवंटन व उनको अतिक्रमण से मुक्त रखना शामिल है। ताकि मत्स्य



पालक सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ ले सके। एरेशन सिस्टम मत्स्य पालन का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है जो पानी में ऑक्सीजन को बढ़ाता है। इससे कम समय मे मछलियों में वृद्धि होती है और उनका स्वास्थ्य ठीक रहता है। खासकर गर्मियों के सीजन में जब पानी में ऑक्सीजन की कमी रहती है। और एरेशन सिस्टम से मछलियां स्वस्थ रहती हैं और तेजी से बढ़ती है। जिससे कम समय में ही मछलियों का उत्पादन बढ़ता है। इसके अलावा कम जगह में ज्यादा मछलियां भी पाली जा सकती हैं और ऑक्सीजन की कमी से होने वाली मौतों को भी एरेशन सिस्टम रोकता है। कुल उत्पादन को बढ़ाने का काम करता है। यह पानी के पीएच और अन्य पैरामीटर को संतुलित रखने में मदद करता है। 29 दिसंबर से 7 जनवरी तक मत्स्य पालक कर सकते हैं आवेदन योजना के संबंध में जानकारी देते हुए मत्स्य पालन अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना राज्य सरकार सेक्टर योजना के अंतर्गत मत्स्य पालकों को आच्छादित करने के लिए आवेदन हेतु विभागीय पोर्टल को 24 जुलाई 2025 से 31 अक्टूबर तक खोला गया था। वही अब इस योजना में पर्याप्त आवेदन हेतु इस पोर्टल को 29 दिसंबर से 7 जनवरी तक फिर से खोला जा रहा है जिससे कि जिले के मत्स्य पालकों को इस योजना का लाभ मिल सके। और वह वैज्ञानिक तकनीकी के माध्यम से मत्स्य पालन कर अपने उत्पादन को बढाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

# आप ने चलाया जनहित निरीक्षण अभियान, डुमरांव में सुविधाओं की खुली पोल

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जनहित निरीक्षण अभियान के तहत तहसील सदर अंतर्गत डुमरांव ग्राम सभा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की बदहाल स्थिति सामने आई। निरीक्षण में पाया गया कि गांव की मुख्य सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे आम जनता में भय और आक्रोश है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब जनपद मुख्यालय के पास की सड़क का यह हाल है, तो दूर–दराज के गांवों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सड़क अत्यंत संकरी है, कहीं भी स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है, जिससे रात में चलना जोखिम भरा हो जाता है। नाली की समुचित निकासी न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही गांव में बच्चों के लिए खेल–कूद का कोई मैदान नहीं है, जिससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी ने इस लापरवाही के लिए संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराते हुए मांग की कि तत्काल सड़क का चौड़ीकरण एवं मरम्मत कराई जाए, रोड लाइट की व्यवस्था की जाए, नाली निर्माण एवं निकासी की समुचित व्यवस्था हो, बच्चों के लिए खेल मैदान विकसित किया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। आम आदमी पार्टी जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। आज के कार्यक्रम में अंजनी सिंह, संजीव सिंह, अंकुर यादव, संजीव राजभर, प्रदीप कुमार आदि साथी उपस्थित रहे।

# शशांक बने हिंदू सेवा सुरक्षा संघ के जिलाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सिद्धपीठ



हनुमान गढ़ी अयोध्या धाम महंत श्री श्री 1008 महंत राजूदास जी महाराज ने जिले के शशांक कुमार दीक्षित को जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। शशांक कुमार के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर समर्थकों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ साथ गौ रक्षा, धर्म, राष्ट्र, संस.ति और सनातन धरोहर की रक्षा के लिए काम करेंगे। संगठन का जिले में जल्द ही विस्तार किया जाएगा।

# जिले के पत्रकार को लखनऊ में मिला सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिले के पत्रकार मो० इरशाद को राजधानी लखनऊ में आयोजित वैचारिक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में उनके उत् ष्ट पत्रकारिता कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में पत्रकारिता के महत्व, सामाजिक सरोकारों और निष्पक्ष समाचार लेखन पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में जिम्मेदार और सकारात्मक पत्रकारिता समाज को दिशा देने का कार्य कर रही है। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने पत्रकार मो० इरशाद को इस उपलब्धि पर बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर मो० इरशाद की कार्यशैली, निष्पक्ष रिपोर्टिंग और जनहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाने के लिए उनकी सराहना की गई। सम्मान प्राप्त करने के बाद पत्रकार मो० इरशाद ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी व ईमानदारी से पत्रकारिता करने की प्रेरणा देगा।

# पूर्व छात्र संघ का समागम 22 को, बैठक कर बनाई रणनीति

## - ग्यारह सदस्यीय आयोजन समिति का गठन, संयोजक बनाए

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। छात्र संघ के पूर्व पदाधिकारियों की एक बैठक लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज पनी में संपन्न हुई। जिसमें ग्यारह



सदस्यीय आयोजन समिति का गठन कर संयोजक बनाया गया। जिसमें बुद्धराज धाकडी, शैलेंद्र शरन सिंपल, स्वरूप राज सिंह जूली, विवेक श्रीवास्तव, दिलीप पटेल, भूपेंद्र सिंह, नदीमउद्दीन पप्पू, दिनेश शर्मा, जैद अहमद, बाबूराम बाल्मीकि, कुलदीप भदौरिया को संयोजक बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि 1961 में महात्मा गांधी डिग्री कालेज की स्थापना हुई थी उसके उपरांत छात्र संघ चुनाव प्रारंभ हुए थे। पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारियों का अपने–अपने क्षेत्र में व्यस्तता के कारण एकत्रीकरण नहीं हो सका। अब सभी को चिन्हित कर एक मंच में लाकर सम्मानित किया जाएगा। छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारियों को संगठित करके 22 जनवरी को एक बडा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिससे सभी को एक मंच में लाया जा सके। उन्होंने सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी को जिम्मेदारियां दी। बैठक में संजय सचान, घनश्याम पाल टक्करी, अतुल सिंह यादव, दीपक कुमार डब्लू, प्रदीप साहू, उमेश मौर्या, सत्येंद्र गुप्ता, सुरेंद्र पाठक, अतहर अहमद, अजय सिंह, संदीप सिंह आदि रहे।

# सपाईयों ने महाराजा खेत सिंह खंगार की मनाई जयंती

## - गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को महान



योद्धा कुशल शासक, महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने महाराजा के जीवनकाल पर विस्तार से चर्चा की। लोगों को उनके शासन के किस्सों से उनके जीवन पर प्रकाश डालने का काम किया। संचालन हुसैनगंज विधानसभा अध्यक्ष सुघर लाल यादव एडवोकेट ने किया। इस मौके पर रीता प्रजापति, मनोज यादव, हीरालाल साहू, संदीप श्रीमाली, सुमित साहू, नागेंद्र यादव, कामता प्रसाद, रिशु सिंह, श्याम बाबू, आमिर खान, अनिल कुमार, शिवम, बदलू, ज्ञान सिंह, वीरेंद्र सिंह, सर्वेश सिंह, शिवम सिंह, अनिल कुमार, जीतू, परशुराम, संदीप खंगार, मनजीत खंगार, मनोज खंगार, अमन खंगार, दीपू खंगार, गोलू खंगार, जगरूप खंगार, जय कारण खंगार, अमर सिंह खंगार, पंकज खंगार, नागेंद्र खंगार, रणजीत खंगार, मधुसूदन खंगार, अखिलेश खंगार, जितेंद्र खंगार, रामभवन खंगार, मूलचंद्र खंगार सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।



# बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोरवाली क्षेत्र के डीघ गांव के समीप दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के डीघ गाँव निवासी सलीम का 32 वर्षीय पुत्र राजेश बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए बिंदकी कस्बा गया था। रात वापस लौटते समय जब उसकी बाइक गाँव के समीप पहुंची तभी दूसरी बाइक से उसकी भिडन्त हो गई। जिसमे राजेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल राजेश को इलाज के लिए शहर के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। वहाँ से आज दोपहर उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वही जिला अस्पताल पहुंचे घायल राजेश के पिता सलीम ने घटना की जानकारी दिया।

# जिले में ओवरलोडिंग को लेकर सीएम को भेजेंगे ज्ञापन

## - उद्योग व्यापार मंडल पंजी0 की बैठक में हुई चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उद्योग व्यापार मंडल (पंजी०) की कैबिनेट बैठक हरिहरगंज स्थित एक होटल में सम्पन्न हुई। जिसमें युवा जिलाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह का जन्मदिन पदाधिकारियों के बीच मनाया गया। तत्पश्चात बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कोषाध्यक्ष आशुतोष रस्तोगी ने की। संचालन जिला वितरक संघ के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे ने शिरकत की। उन्होने ओवरलोडिंग को लेकर चर्चा की। निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही जिलाधिकारी से मिलकर जहां ओवरलोड ट्रकों के विषय में चर्चा की जाएगी वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक मांग पत्र भी भेजा जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि जहानाबाद, बिंदकी, बहुआ, गाजीपुर, असोथर, विजयीपुर के बाजारों के बीच से भारी वाहन ओवरलोड निकलने से व्यापारियों का व्यापार एवं सड़के ध्वस्त हो रही हैं। जिसके कारण आने वाले ग्राहक प्रतिष्ठानों में आने से घबराते हैं। निर्णय लिया गया कि जनवरी के बाद फरवरी के प्रथम सप्ताह में जिले के समस्त करबो में व्यापारियों द्वारा एक वृहद आंदोलन छेड़ा जाएगा जिसका जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि ऑनलाइन व्यापार के बढ़ने से खुदरा व्यापारियों का साठ प्रतिशत व्यापार खत्म हो चुका है। बैठक में राज कुमार मिश्रा, आरिफ, वीरेंद्र साहू, इमरान खान, अरविंद आर्या, मो0 अकरम, रामबाबू गुप्ता, नारायण गुप्ता, सरदार वरिंदर सिंह, फरहत अली सिद्दीकी, विवेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



# बोर्ड बैठक में विकास कार्यो पर लगी मुहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। आदर्श नगर पंचायत हथगाम कार्यालय में शुक्रवार को सभागार में बोर्ड बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने की जबकि अधिशासी अधिकारी देवहूती पांडेय एवं सभी सभासदों की उपस्थिति रही। बैठक की शुरुआत पिछली कार्यवाही के अनुमोदन से हुई। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में नगर के विकास एवं निर्माण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार–विमर्श किया गया। नगर में सड़क सीसी निर्माण, नाली निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को सु.ढ़ करने व पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अंतर्गत स्ट्रीट लाइट लगाने, खराब हैंडपंपों की मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था सुधारने तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने से जुड़े कार्य शामिल हैं। इसके अलावा नगर पंचायत कार्यालय भवन की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सभासदों द्वारा नगर हित में रखे गए सुझावों पर चर्चा की गई। इस मौके पर रोहित मिश्रा, ईओ देवहूती पांडेय, अष्वनी अग्निहोत्री, मनोज सिंह सहित मौजूद रहे।




# अचेत युवक को अस्पताल में कराया भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 2 पर बरौरा गांव की मोड पर अचेत अवस्था में पड़े युवक को लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेन्स से अस्पताल पहुंचवाया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार अमेठी जनपद के हिम्मतगढ़ निवासी छेदीलाल का 28 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार को मलवा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर बरौरा गांव की मोड पर सन्दिग्ध अवस्था में अचेत पड़ा हुआ लोगों ने देखा तो स्थानीय पुलिस को जानकारी दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दिया तो सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस के ईएमटी उमेश ने युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वहीं युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे एम्बुलेन्स के ईएमटी उमेश ने बताया यह बरौरा गाँव की मोड पर अचेत पड़ा था। सूचना मिली तो इसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए हैं। इसके पास मिले आधार कार्ड से मालूम हुआ कि यह अमेठी जनपद के निवासी है।

# भाजपा नेता पर पुलिस ने घोषित किया पचीस हजार का ईनाम

## - एसपी ने गिरफ्तारी के लिए गठित की कई टीमें

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर ब्लाक की बड़ी ग्राम पंचायत सरकंडी की प्रधान के पति बीजेपी नेता को एक मुकदमे में फरार घोषित करते हुए पुलिस ने पचीस हजार रुपए के ईनाम का ऐलान किया है। भाजपा नेता की गिरतारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने कई टीमें गठित की हैं। कभी सरकंडी गांव से निकल कर शहर आए भाजपा नेता संतोष द्विवेदी ने सत्ता के विधायकों के संरक्षण में दंबगई करते हुए मोरंग और जमीन के व्यवसाय से अकूत दौलत जुटाने का अभियान शुरू किया था जो आज भी जारी है। गौरतलब है कि बीती 17 दिसंबर को ग्राम पंचायत की जांच करने गई टीम के सामने प्रधानपति संतोष द्विवेदी के समर्थकों ने शिकायत सहित अन्य लोगों के साथ पुलिस की मौजूदगी में जमकर मारपीट किया था। इस मामले में थाना पुलिस में दर्ज मुकदमा में प्रधानपति व भाजपा नेता भी नामजद आरोपी हैं। इस मामले में कई लोग जेल जा चुके हैं और प्रधान पुष्पा देवी भी गिरतार की गई थीं, जो अब जमानत से बाहर हैं, लेकिन प्रधानपति अभी तक फरार चल रहे हैं। ग्राम पंचायत सरकंडी में भ्रष्टाचार की शिकायत पर जांच के बाद लाखों रुपए का घोटाला उजागर हुआ। इसके बाद अभी जांच का सिलसिला जारी है। बताते हैं कि 17 दिसंबर को एक टीम पुनः गांव में विकास कार्यों की जांच करने पहुंची थी। टीम ने अभी काम शुरू भी नहीं किया था कि प्रधानपति समर्थक मौके पर पहुंचे और शिकायतकर्ता के साथ कुछ अन्य लोगों पर हमला बोल दिया। घटना के समय विवाद की आशंका पर थाना पुलिस पहले से ही मौजूद थी, लेकिन घटना टालने में असफल साबित हुई। मामले में लापरवाही पर एसपी अनूप कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष अभिषेक तिवारी को निलंबित कर दिया था। घटना के बाद से आरोपियों की गिरतारी लगातार जारी रही, लेकिन प्रधानपति अब तक न तो पुलिस के हत्थे चढ़े और न ही अदालत में सरेंडर किया। पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने आज घटना के दोषी भाजपा नेता संतोष द्विवेदी को फरार घोषित करते हुए 25000 रूपए के ईनाम का ऐलान किया है। उन्होंने भाजपा नेता की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की हैं।



# महाराजा बिजली पासी की जयंती पर निकाली रैली

## - गोष्ठी में उनके व्यक्तित्व पर ब्लाक प्रमुख ने डाला प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महाराजा बिजली पासी की जयंती पर सुल्तानपुर घोष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं ने रैली निकालकर महाराजा बिजली पासी के संदेश को जनमानस तक पहुंचाया। तत्पश्चात गोष्ठी में मुख्य अतिथि हसवा ब्लाक प्रमुख ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सुल्तानपुर घोष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हसवा ब्लाक प्रमुख विकास पासवान ने शिरकत की। उन्होने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए छिवलहा तक गई। चौकी चौराहा पर रैली का जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात रैली हुसैनगंज पहुंची। हुसैनगंज कस्बे में भी रैली का समाज के लोगों ने स्वागत किया। रैली के जरिए युवाओं ने महाराजा बिजली पासी के संदेश को जनमानस तक पहुंचाने का काम किया। आयोजित गोश्ठी को संबोधित करते हुए हसवा ब्लाक प्रमुख श्री पासवान ने कहा कि महाराजा बिजली पासी से दलित समुदाय के उत्थान के लिए तमाम ऐतिहासिक कार्य किए। उनके कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। समाज के महापुरूषों को हम सबको हमेशा याद करना चाहिए। इस मौके पर पुष्पराज पासवान, मनोज सविता प्रधान, छविराम सोनकर, चंद्रभान पासवान, अतीश पासवान, विवेक पासवान आदि रहे।

# भीषण ठंड में लगातार अलाव जलवा रही नगर पालिका

## - पालिका कर्मी मोहम्मद हबीब निभा रहे जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भीषण ठंड और शीतलहर से आम जनता को राहत प्रदान करने के लिए नगर पालिका परिषद लगातार सक्रिय है। अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश पर शहर के प्रमुख चौराहों और अस्थाई रैन बसेरों में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। इस कार्य की देखरेख नगर पालिका कर्मी मोहम्मद हबीब बखूबी निभा रहे हैं। वे प्रतिदिन संबंधित स्थानों पर पहुंचकर समय से अलाव जलवाने और उसकी निगरानी कर रहे हैं। अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ठंड से जनता को बचाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के सभी अलाव पूरे दिन जलते रहते हैं, जिससे राहगीरों और जरूरतमंदों को काफी राहत मिल रही है। विशेष रूप से रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टॉप और सदर अस्पताल परिसर में रैन बसेरे बनाए गए हैं। जहां यात्रियों के ठहरने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां कोई भी यात्री ठंड से परेशान नहीं हो रहा। इसके अलावा शहर के मुख्य चौराहों पर भी अलाव की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नगर पालिका की इस पहल से ठंड के कहर से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिल रही है।



# भावना दिव्यांग संस्थान में मनाया रजत जयंती समारोह

## - पूर्व दिव्यांग छात्रों को किया गया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के जीटी रोड स्थित भावना इंस्टीट्यूट फॉर दे डिफरेंटली एबल्ड पर्सन के अंतर्गत भावना दिव्यांग संस्थान का रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ अनूप कुमार सिंह, सरिता सिंह एवं दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। शुभारंभ सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ हुआ। संस्थान के अध्यक्ष डॉ0 तेज मान सिंह ने मुख्य अतिथि का बैच लगाकर एवं बच्चों द्वारा निर्मित बुके देकर सम्मान किया। संस्थान की निदेशिका भावना श्रीवास्तव ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एवं सरिता का बैच लगाकर स्वागत किया। पीएन श्रीवास्तव ने अध्यक्ष का स्वागत किया। डॉ0 तेज मानसिह ने उपस्थित सदस्यों का आभार जताया। श्रवण बाधित एवं मानसिक मंदित बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत संगीत नृत्य के कार्यक्रम से प्रसन्न होकर अतिथियों ने शिक्षकों की भूरि–भूरि प्रशंसा की। सरिता सिंह ने स्कूल हेतु 11000 रूपए की प्रोत्साहन धनराशि का सहयोग दिया। ललिता रस्तोगी एवं दोसर वैश्य अध्यक्ष कविता गुप्ता ने स्वल्पाहार दिया। रायबरेली से आए .ष्टिबाधित शादाब ने अरे द्वारपालो गीत सुनाकर तालियां बटोरी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की बहन स्वाति ने सभी दिव्यांग बच्चों को चॉकलेट वितरित की। विशिष्ट बच्चों का कार्यक्रम देखकर लोग हतप्रभ रह गए। गुलाबी गैंग की अध्यक्ष हेमलता पटेल अपनी टीम सहित आई और पहली बार दिव्यांग बच्चों का मनोरंजक कार्यक्रम देखकर भूरि–भूरि प्रशंसा की। राजकुमार मौर्य ने दिव्यांग बच्चों के लिए मिठाई हेतु सहयोग दिया और भविष्य में दिव्यांग स्कूल को सहयोग देने का आष्वासन भी दिया। सेंट जॉन स्कूल के मैनेजर फादर जॉर्ज प्रकाश डेंटिस्ट ने दिव्यांग बच्चों हेतु कंबल वितरित किए। रेखा श्रीवास्तव एवं अजय साहू ने मिठाई का सहयोग दिया। सरस्वती विद्या मंदिर की प्रिंसिपल वर्षा के अतिरिक्त सुनीता गुप्ता, अंजू माधुरी, सुशील, रतन, अंजना, पूजा, सुनील, मोईदुर्रहमान शीबू, सुभाष श्रीवास्तव, स्वाती रीना सिंह, आशी रस्तोगी, शिवी, बचपन डे केयर सेंटर के अध्यापक मनोरमा, कुमार शेखर, प्रेम मिश्रा, डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे। भूतपूर्व दिव्यांग बच्चों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जो शासकीय और गैर शासकीय विभागों में कार्यरत हैं।



# प्रियंका गांधी ने जनपद के कांग्रेसियों का जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बीते चौदह दिसंबर को दिल्ली में आयोजित ओट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शिरकत करने गए जनपद के कांग्रेसियों का राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उनकी लगन और निष्ठा पर एक आभार पत्र भेज कर हौसला अफजाई की है। ज्ञात हो कि महारैली में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा, जिला उपाध्यक्ष माधुरी रावत, शेख एजाज अहमद, कानपुर देहात कोऑर्डिनेटर कलीम उल्ला सिद्दीकी, पार्टी प्रवक्ता ई0 देवी प्रकाश दुबे, एआईसीसी शिवाकांत तिवारी महासचिव रामनरेश महराज आदि के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पहुंच कर रैली की सफलता में अपना योगदान दिया जिसको .ष्टिगत करते हुए प्रियंका गांधी ने उक्त आभार पत्र प्रेषित कर कहा कि सभी ने संदेश दिया है कि अन्याय, सत्ता के दुरुपयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हो रहे हमलों के खिलाफ कांग्रेस एकजुट है और हर हाल में जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि रैली में कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादाई रही है। जनता के अधिकारों की लड़ाई में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता हर समय तैयार है ये एकजुटता का प्रमाण है।

# सिलाई मशीन व प्रेस वितरित कर मनाया वीर बाल दिवस

## – एचएन बहुगुणा इंटर कालेज परिसर में भाजपा ने किया कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज विधानसभा में गुरू गोविन्द सिंह जी के वीर बालक जोरावर सिंह, फतेह सिंह जी के शहीद दिवस वीर बाल दिवस के रूप में एचएन बहुगुणा इंटर कालेज में भारतीय जनता पार्टी की ओर से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह ने शिरकत की। मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत त्रिवेदी, छिवलहा मंडल अध्यक्ष डा0 अतुल त्रिवेदी की उपस्थिति में कार्यक्रम संयोजक जिला पंचायत सदस्य व मंडल प्रभारी अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी रहे। श्री लोहारी ने कहा कि साहिबजादे जोरावर सिंह, फतेह सिंह ने औरंगजेब की गुलामी व इस्लाम कबूल नहीं किया। जिसके चलते उन्हें शहीद कर दिया गया। मुख्य अतिथि धुन्नी सिंह ने मुख्यमंत्री श्रम सम्मान योजना के तहत सहिमापुर, दौलतपुर, आलमपुर नरही, जमरावां, भिटौरा गांव की रोशनी, पिंकी, बीना, रीना, अजीजउद्दीन आदि लाभार्थियों को सिलाई मशीन, प्रेस, 4500 रूपए खाते में पहुंचाए गए। संयोजक श्री लोहारी ने बताया कि सरकार की लाभकारी योजनाएं निःशुल्क जनता तक लगातार पहुंचाई जा रही है। श्रम सम्मान योजना समाज के लोहारी, बढ़ई, कुम्हार, नाई, हलवाई, दर्जी, धोबी वर्ग के लोगों को लाभ दिया जा रहा है। ट्रेनिंग व टूल किट के बाद यदि लाभार्थी व्यापार करना चाहते हैं तो बिना ब्याज के पांच लाख रूपए का पचास हजार रूपए की छूट पर ऋण भी सरकार की ओर से दिया जाता है। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग के अलावा विजय शंकर मिश्रा, संटू महाराज, सत्यम सिंह, विपिन सिंह, पियूष द्विवेदी, श्रीकांत अवस्थी, गौरव अग्रहरि, जगदीश तिवारी, रानी सिंह, महेश तिवारी, नीरज अग्निहोत्री भी मौजूद रहे।



# एसएस इंटनेशनल स्कूल में मनाई गुरु गोविंद सिंह की जयंती

## - निबंध व कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, विजेताओं को किया पुरस्कृत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के नप्पी का हाता हरिहरगंज स्थित एसएस इंटरनेशनल स्कूल में श्री गुरू गोविंद सिंह जी की जयंती मनाई गई। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। जयंती के अवसर पर जूनियर व प्राइमरी स्तर के छात्र–छात्राओं की निबंध एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जनपद स्तर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज, पतंजलि विद्या मंदिर इंटर कालेज हरिहरगंज, राजकीय इंटर कालेज, ऑक पब्लिक स्कूल, सुंदर सिंह इंटर कालेज जोनिहां चौराहा, सेंट जेवियर्स स्कूल, द ट्रुथ मिषन स्कूल, अमर मान सिंह, एसएस इंटरनेषनल स्कूल के छात्रों ने हिस्सा लिया। सभी बच्चों की निबंध प्रतियोगिता व कलाकृतियां उच्च कोटि की रहीं। जूनियर स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में सरस्वती बाल मंदिर के यषी जौहरी ने प्रथम स्थान, पतंजलि विद्या मंदिर की साक्षी द्विवेदी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्राथमिक स्तर पर कला प्रतियोगिता में सुंदर सिंह इंटर कालेज के अभय प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में डा0 अरूण श्रीवास्तव, गरिमा बाजपेई, वैभवी शुक्ला, कु0 प्रतीक्षा सिंह शामिल रहीं। स्कूल की निर्देशक रेखा शुक्ला ने पुरस्कार वितरण किया। सरदार वरिंदर कौर ने श्री गुरू गोविन्द सिंह जी की जयंती पर छात्रों से विस्तृत चर्चा की। संस्था संस्थापक सुशील शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका वैभवी, शुक्ला, कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका कुमारी प्रतीक्षा सिंह के अलावा स्टाफ में बबली सिंह, सोनम सोनी, महिमा सिंह, संजू रस्तोगी, सौम्या तिवारी, साक्षी श्रीवास्तव, संस्कार अग्निहोत्री मौजूद रहे।




# कोहरे में डंपर पेड़ से टकराया, चालक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बक्सर रोड पर कोहरे के चलते गिट्टी लदा डंपर पेड़ से टकरा गया। जिससे डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार उन्नाव जनपद के हसनगंज थाना क्षेत्र के घुरामऊ गांव निवासी स्वर्गीय राम प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र अरविंद जो डंपर चालक है। बीती रात वह बांदा जनपद से गिट्टी लाद कर वापस जा रहा था। तभी कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बक्सर रोड पर कोहरे के चलते उसका डंपर रोड किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। जिससे डंपर चालक अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए गोपालगंज सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे थे। तभी घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे अरविंद के फूफा राम खेलावन उसको अपने साथ उन्नाव जनपद इलाज कराने लेकर चले गए।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )